हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 24 नवंबर 2025

12 रतिया में बनेगा अरोड़वंश सेवा सदन, सांसद ने रखी आधारशिला



12 वांछित आरोपी अवैध पिस्तौल सहित हनुमानगढ़ क्षेत्र से गिरफ्तार



## खबर संक्षेप

### भट्टूकलां में युवक हेरोइन सहित गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों की धरपकड़ करते हुए भट्टूकलां पुलिस ने एक युवक को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार भट्टूकलां पुलिस की टीम एएसआई सत्यवान के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त के दौरान भट्टूकलां से गांव मेहूवाला की तरफ जा रही थी। इसी दौरान एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। शक के आधार पर पुलिस ने युवक को काबू कर लिया।

### चोरी के मामले में दूसरा आरोपी किया काबू

**फतेहाबाद।** भुना पुलिस ने घर से चोरी के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान छतरपाल पुत्र राजकुमार उर्फ कालूराम उर्फ अक्षय पुत्र सजना निवासी गोरखपुर के रूप में हुई है। थाना भुना के प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि शिकायतकर्ता फूल सिंह पुत्र गंगाबिशन, निवासी गोरखपुर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि नामजद आरोपियों ने उसके घर 14 गार्डर, 4 स्टील के पलंग, एक सिलेंडर, एक गैस चूल्हा, एक पानी की मोटर, लोहे की पाइप, एक मेज, दो बैटरियां और एक इन्वर्टर चोरी कर लिए है ।

### पुलिस ने धमकी देने के आरोपी को किया काबू

**फतेहाबाद।** टोहाना पुलिस ने मारपीट और धमकी देने के मामले में एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुभाष पुत्र चैतन दास निवासी वार्ड नं. 4, रामनगर, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि 26 सितंबर को शिकायतकर्ता सुभाष चंद पुत्र चेतन दास निवासी वार्ड नं. 4, रामनगर, कक्कड़ अस्पताल रोड, टोहाना ने शिकायत दर्ज कराई थी।

### मारपीट और धमकी के मामले में आरोपी काबू

**फतेहाबाद।** भुना पुलिस ने मारपीट और धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गगनराम पुत्र ओमप्रकाश निवासी दहमान के रूप में हुई है। थाना भुना के प्रभारी उप निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि शिकायतकर्ता बंशीलाल पुत्र फकीरिया निवासी दहमान ने शिकायत दर्ज कराई थी।

### रतिया से सीडीएलयू सिरसा गई युवती लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** रतिया के गांव लाली से सिरसा गई एक युवती के लापता होने का समाचार है। इस बारे परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में रतिया क्षेत्र के गांव लाली निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 24 साल की लड़की गत दिवस सुबह घर से गई थी। लेकिन वापस नहीं लौटी।

# थाना रोड पर लगा जाम, अतिक्रमण को लेकर प्रशासन ने भी डाले हथियार

## मल्टीलेवल पार्किंग के बाहर एन्ट्री गेट को फड़ी वालों के हाथों बेच डाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

शहर के थाना रोड पर लोगों की सुविधाओं के लिए बनाई गई मल्टीलेवल पार्किंग ही अब जाम का मुख्य कारण बन चुकी है। होना तो यह चाहिए था कि पार्किंग बनने के बाद लोगों को बाजार में भीड़भाड़ का सामना न करना पड़ता लेकिन हो रहा है इसके विपरीत। पार्किंग के बाहर इतने कब्जे है कि पार्किंग के गेट को भी नगरपरिषद ने फड़ी लगवाकर बंद करवा दिया है। अब हालात यह है कि पूरा दिन थाना रोड पर जाम लगा रहता है। रविवार को भी बाजार में सेल के नाम पर लगी स्टालों के कारण लंबा जाम लगा रहा। एक एम्बुलेंस भी इस जाम में फंस गई। शहर की ट्रेफिक व्यवस्था सुचारू करने का दम भरने वाले ट्रेफिक पुलिस कर्मचारी भी रविवार को थाना रोड से गायब नजर आए और लोग अपने स्तर पर जाम खुलवाने के प्रयास करते दिखे। कुछ साल पहले थाना रोड पर वाहनों की बढ़ती संख्या को देखते हुए नगरपरिषद द्वारा यहां करोड़ों रुपये खर्च कर मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण करवाया गया था। हालांकि शहर के बीचो-बीच पार्किंग बनाने का लोगों ने विरोध भी किया था। लोगों का कहना था कि कोई भी वाहन शहर में आएगा और बाजार में बनी पार्किंग में आने-जाने से जाम की समस्या कम होने की बजाय और बढ़ेगी। हुआ भी वही, अब वाहन भीड़ भाड़ वाले बाजार में आकर पार्किंग में प्रवेश करते हैं और बाहर निकलते हैं, इसी जद्दोजहद में थाना रोड पर जाम लगा रहता है। रही-सही कसर नगरपरिषद ने स्वयं ही पूरी कर दी है।





**फतेहाबाद।** मल्टीलेवल पार्किंग के बाहर अवैध अतिक्रमण कर लगाई गई फड़ियां तथा मल्टीलेवल पार्किंग के बाहर थाना रोड पर लगा जाम। फोटो : हरिभूमि

### ठेके पर दी जाती है पार्किंग

नगरपरिषद द्वारा यह पार्किंग ठेके पर दी जाती है। ठेकेदार प्रति गाड़ी के हिसाब से किराया वसूलता है। अब उसने पार्किंग के बाहर बेतरतीब तरीके से फड़ियां लगवा दी है। प्रति माह इन फड़ी वालों से निश्चित रकम वसूलने के बाद ठेकेदार द्वारा इनको सिक्योरिटी भी दी जा रही है। हालात तो देखिए कि नगरपरिषद के प्रवेश द्वार को भी ठेकेदार ने फड़ी वालों को किराये पर चढ़ा दिया है। दृश्य में साफ दिख रहा है कि पार्किंग में गाड़ियों को ले जाने के लिए रास्ता बंद है।

### अतिक्रमण हटाओ अभियान ने तोड़ा दम

अब नगरपरिषद की लापरवाही देखिए कि सारे बाजार में अतिक्रमण के नाम पर दुकानदारों को आपस में उलझा रखा है जबकि इनके ही कारिंदों ने तहबाजारी के नाम पर पार्किंग के बाहर फड़ी वालों से मंथली बांध रखी है। पूरे बाजार में अतिक्रमण हटाया गया था लेकिन इन फड़ी वालों के पास एक भी कर्मचारी नहीं फटका था। दीपावली से पहले तत्कालीन डीएमसी संजय बिश्नोई द्वारा युद्धस्तर पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया था। दुकानों के बाहर लगे शैड तक उखाड़ दिए गए थे। दुकानदारों के विरोध के बाद प्रशासन ने दुकानदारों को दीपावली तक अतिक्रमण हटाने का अल्टीमेटम दिया था। दुकानदारों के विरोध को देखते हुए सरकार ने डीएमसी संजय बिश्नोई से चार्ज वापस लेकर एडीसी अनुराग ढालिया को यह चार्ज दे दिया था। उसके बाद से अतिक्रमण हटाओ अभियान शहर में पूरी तरह दम तोड़ चुका है। ऐसा कहे कि अतिक्रमण करने वालों के सामने प्रशासन ने हथियार डाल दिए हैं तो गलत नहीं होगा। कुछ दुकानदारों ने अब दोबारा से शैड लगाने भी शुरू कर दिए हैं।

# गांव बिज्जुवाली में गहराया पेयजल संकट

## ग्रामीण पानी मोल खरीद कर पीने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

डबवाली उपमंडल के गांव बिज्जुवाली में पेयजल संकट गहरा गया है। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए 1200 रुपए प्रति टैंकर खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीण धर्मपाल, अनिल कुमार, नानकराम, राकेश कुमार आदि ने बताया कि अगर सर्दियों में गांव में पानी की इतनी अधिक किल्लत है तो आने वाले गर्मी के मौसम में क्या हाल होगा? उन्होंने बताया कि गांव के जलघर में केवल नहरी पानी की व्यवस्था है और स्टोरेज के लिए सिर्फ दो डिग्गियां हैं। ये डिग्गियां पूरे बिज्जुवाली गांव और चकफरीदपुर को पानी उपलब्ध कराने के लिए बनाई गई हैं। माना जा रहा है कि गांव और आसपास की ढाणियों की अधिक संख्या के कारण पानी का मौजूदा स्टोरेज पानी पर्याप्त नहीं है। इसी वजह से ग्रामीणों को निजी टैंकरों से पानी मंगवाना पड़ रहा है। ग्रामीणों को आशंका है कि पानी का दुरुपयोग भी हो रहा है। वर्तमान में जलघर की दोनों डिग्गियां पूरी तरह खाली पड़ी हैं, जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष है। ग्रामीणों ने आरोप जड़ा कि पिछले 5 दिनों से गांव में पेयजल उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा। इसे लेकर जब जलघर में जाकर बात की जाती है, तो वहां नियुक्त विभागीय कर्मचारियों की ओर से किसी भी प्रकार का कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया जाता। उन्हें केवल इतना ही कहा जाता है कि माइनर से जलघर की तरफ आ रही पाइपलाइन को जब तक माइनर से सुव्यवस्थित नहीं किया जाता, तब तक पर्याप्त पानी नहीं मिल सकता। ग्रामीणों का आशंका है कि इस जलघर के पानी का कहीं न कहीं दुरुपयोग भी हो रहा होगा, इसी वजह से पेयजल संकट गहराया गया है। ग्रामीणों ने कहा कि केवल बिज्जुवाली व चकफरीदपुर को पानी मुहैया करवाया जाना चाहिए। उन्होंने आशंका है कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की मिलीभगत के चलते जलघर के पानी को कहीं और वितरित किया जा रहा है।

- ग्रामीण 1200 रुपये प्रति टैंकर खरीद रहे पानी

### शीघ्र किया जाएगा समाधान : जेई

इस संबंध में विभाग के जेई कुलदीप कुमार ने बताया कि केवल नहरी पानी ही जलघर की मुख्य व्यवस्था है। पानी स्टोरेज की जलघर में दो डिग्गियां हैं। पानी का स्टोरेज कर ग्रामीणों को उपलब्ध करवाया जा रहा है। जलघर में कोई ट्यूबवेल की व्यवस्था नहीं है। उन्होंने बताया कि चक फरीदपुर से आगे कोई पाइप नहीं डाली गई है। अगर ऐसा कुछ हुआ है तो शीघ्र इसका समाधान किया जाएगा।

# चार किलो चूरापोस्त सहित दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान गांव जोधपुरिया क्षेत्र से एक व्यक्ति को 2 किलो 102 ग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। एबीवीटी स्टाफ सिरसा प्रभारी गुरमेश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान जोधपुरिया की तरफ जा रही थी। इसी दौरान जोधपुरिया कॉलेज के सामने से एक व्यक्ति अपने हाथों में थैला लेकर आता दिखाई दिया, जो कि पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली तो उसके थैले से 2 किलो 102 ग्राम पोस्त बरामद हुआ। एबीवीटी स्टाफ सिरसा प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी के खिलाफ थाना रानियां में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई है। इसके अलावा एंटी नारकोटिक सेल पुलिस टीम ने सिकंदरपुर क्षेत्र से स्कूटी सवार एक महिला को दो किलो डोडा पोस्त के साथ काबू किया है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर शमशेर सिंह ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव सिकंदरपुर की तरफ जा रही थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

- 2 किलो 102 ग्राम चूरापोस्त बरामद



**सिरसा।** पुलिस गिरफ्त में चूरापोस्त तस्कर। फोटो : हरिभूमि

# हथियारों के जखिरे के साथ दो युवकों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

अवैध हथियार रखने वालों की धरपकड़ करते हुए सीआईए टोहाना पुलिस ने रतिया के दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से एक पिस्टल 32 बोर, एक देशी कट्टा 312 बोर, दो देशी कट्टे 32 बोर तथा 32 बोर के तीन जिंदा कारतूस बरामद किए है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए टोहाना पुलिस की टीम एसआई जग्गा सिंह के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मनजीत सिंह उर्फ मनी पुत्र बलजिन्द्र सिंह निवासी कंवलगढ़ तहसील रतिया व गुरसिमरनदीप सिंह उर्फ गुरी पुत्र गुरेन्द्रपाल सिंह निवासी नथवान दोनों नाजायज असला रहते हैं और ज्यादातर अपने घर से बाहर ही रहते हैं।

- एक पिस्टल 32 बोर, एक देशी कट्टा 312 बोर, दो देशी कट्टे 32 बोर तथा 32 बोर के तीन जिंदा कारतूस बरामद



**फतेहाबाद।** हथियारों सहित गिरफ्तार दोनों युवक

### अन्य साथियों की तलाश जारी

सूचना पर पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस जब दोनों युवकों की तलाश में टोहाना से रतिया की तरफ आ रही थी तो रास्ते में गांव चिम्मो बस स्टैण्ड के पास उन्हें सूचना मिली कि दोनों युवक एक रिटिज कार में सवार होकर रतिया से कुलां की तरफ आ रहे हैं और इनके पास नाजायज असला है। इस पर पुलिस ने चिम्मो से रतिया रोड पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर में पुलिस ने रतिया की तरफ से आ रही एक कार को रूकने का इशारा किया तो कार चालक घबरा गए और गाड़ी को कुछ दूरी पर ही रोक लिया। प इस पर पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर इनके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब इनके अन्य साथियों की तलाश में है।

# लाखों की अफीम सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

पुलिस ने ऑपरेशन ट्रैकडाउन के तहत सिरसा जिले क्षेत्र से तीन तस्करों को गिरफ्तार कर करीब 15 लाख रुपये की अफीम बरामद की है। सिरसा के एसपी दीपक सहारण ने रविवार को बताया कि सीआईए ऐलनाबाद की पुलिस टीम इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में गांव मल्लेकां से होते हुए सिरसा की तरफ आ रही थी। इस दौरान दो युवक अपने हाथों में प्लास्टिक के बैग लिए हुए सड़क के किनारे जा रहे थे। पुलिस ने युवकों को रूकने के लिए कहा तो युवकों ने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वहां से भागने का प्रयास किया। शक के आधार पर पुलिस ने दोनों युवकों को काबू कर तलाशी ली तो आरोपी सुनील कुमार निवासी गांव मल्लेकां के कब्जे से 2 किलो 746 ग्राम अफीम बरामद हुई जबकि दूसरे आरोपी लखविंदर सिंह उर्फ छिंदा पुत्र हरदेव सिंह निवासी मल्लेकां के कब्जे से 200 ग्राम अफीम बरामद हुई। वहीं एक अन्य मामले में सीआईए सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गांव मल्लेकां में मौजूद थी । इस दौरान पुलिस जब गांव में से होकर गुजर रही थी तो एक घर के सामने एक युवक अपने हाथ में प्लास्टिक बैग लेकर बैठा था और पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक भागने लगा पुलिस पार्टी शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर उसके कब्जे से 2 किलो 655 ग्राम अफीम बरामद हुआ । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला पुलिस ने कुल 15 लाख रुपए का 5 किलो 601 ग्राम अफीम बरामद की है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उपरोक्त अफीम पंजाब व राजस्थान से लेकर आए थे और उसे सिरसा, ऐलनाबाद आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई की जानी थी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवकों के खिलाफ थाना सदर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर अफीम तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में नाम पता मालूम कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

- आरोपी की पहचान सुनील कुमार के रूप में हुई, 2.74 किलो अफीम बरामद



**सिरसा।** पकड़ा गया अफीम तस्कर।

# ट्रैफिक पुलिस ने नियमों की अवहेलना करने वालों पर कसा शिकंजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डबवाली

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर यातायात पुलिस डबवाली द्वारा शिकंजा कसते हुए मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। साथ ही आमजन को यातायात नियमों का पालन करने बारे जागरूक भी किया गया है। इसी कड़ी में पुलिस यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों, मुख्य रूप से ट्रिपल राइडिंग के 20, वाहन पर बिना नंबर प्लेट के 23, बिना हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट वाले 169, निर्धारित गति सीमा से ऊपर वाहन चलाने वालों के 109 व शराब पीकर ड्राइविंग के 15 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। लेन चेन्ज ड्राइविंग के 75 व ब्लेक फिल्म वाले दो वाहनों पर भी कार्रवाई की गई। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए स्कूल बसों का चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें अनियमितता पाए जाने पर 4 बसों का चालान किया गया व उन्हें सभी जरूरी कागजात फिटनेस सर्टिफिकेट, बीमा लाइसेंस इत्यादि व फस्ट एड बॉक्स बस में रखने संबंधी हिदायतें दी गई। यातायात पुलिस के मुताबिक पुलिस का उद्देश्य चालान काटने का नहीं है, बल्कि आमजन की जिंदगी बचाना है।

- अनियमितताएं पाए जाने पर चार स्कूल बसों पर की कार्रवाई

### जाखल पुलिस ने 5 घंटे में दो बदमाश किए काबू

**फतेहाबाद।** जाखल पुलिस ने एक व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मामले में दो बदमाशों को मात्र 5 घंटे में दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में बिजेंद्र सिंह उर्फ बिल्लू तथा सागर कुमार निवासी जाखल शामिल हैं। तलाशी के दौरान आरोपियों के कब्जे से एक चाकू और दो तलवारें बरामद की गई है। जाखल थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि जाखल पुलिस ने शिकायतकर्ता राजपाल, निवासी बाजीगर बस्ती पर हमला और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने दो युवकों को काबू कर लिया है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी पहले भी कई गंभीर अपराधों में संलिप्त रह चुके हैं, जिनमें चोरी, नकबजनी, हथियार अधिनियम और पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामले शामिल हैं।

# फतेहाबाद शहर में पिस्टल सहित युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

अवैध हथियार रखने वालों की धरपकड़ करते हुए पुलिस ने फतेहाबाद शहर से एक युवक को अवैध पिस्टल सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान नितिन उर्फ मोगी पुत्र घनश्याम दास निवासी भाटिया कालोनी फतेहाबाद के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम एचसी मनदीप कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। टीम जब रतिया चुंगी फतेहाबाद से गांव दौलतपुर की तरफ जा रही थी तो हिसार-सिरसा बाईपास हांसपुर पुल के पास एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया और एकदम से सर्विस रोड पर तेज कदमों से चलने लगा। शक के आधार पर पुलिस ने युवक को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम नितिन उर्फ मोगी पुत्र घनश्याम दास निवासी भाटिया कालोनी फतेहाबाद बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक नाजायज पिस्टल 32 बोर और 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए। इस पर पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाना शहर फतेहाबाद में उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।



**फतेहाबाद।** पिस्टल सहित काबू युवक।

- अपराधियों की धरपकड़ को लेकर पुलिस की कार्रवाई

**अभियान** नशा तस्करी में संलिप्त लोगों के घरों पर दी दबिश

# हुडा सेक्टर 19 में खाली पड़े फ्लैटों को पुलिस ने खंगाला, चलाया सर्च अभियान

नशा सौदागरों को संरक्षण देने वालों के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

सिविल लाइन थाना की तीन पुलिस टीमों ने रविवार को हुडा सेक्टर 19 के खाली पड़े फ्लैटों व नशा तस्करी में संलिप्त लोगों के घरों पर दबिश देकर सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक विशेष सर्च अभियान चलाया। इस अभियान के तहत पुलिस की टीमों ने अनेक जगहों पर छापेमारी कर मादक पदार्थ व अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के घरों व खाली पड़े फ्लैटों पर दबिश देकर तलाशी ली। इस अभियान बारे पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने बताया कि जहां मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है, वहीं नशा के सौदागरों को संरक्षण देने वालों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सर्च अभियान का उद्देश्य विभिन्न प्रकार के नशे का कारोबार करने वाले लोगों पर कारगर ढंग से अंकुश लगाना है।



**सिरसा।** हुडा सेक्टर के फ्लेटों में सर्च अभियान के तहत तलाशी लेते पुलिस कर्मचारी।

### नशा मानव जीवन के लिए एक अभिशाप

एसपी ने बताया कि नशा तस्करों व अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ चलाया जा रहे सर्च अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि युवा नशे के दलदल में फंस कर आपराधिक गतिविधियों की ओर अग्रसर हो रहे हैं इसलिए युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए सिरसा पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि नशा मानव जीवन के लिए एक अभिशाप है, इसलिए नशे जैसी सामाजिक बुराई को जड़मूल से समाप्त करने के लिए समाज के सभी लोगों को आगे आकर नशे का कारोबार करने वालों का सामाजिक बहिष्कार करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नशा तस्करों की सूचना बेखौफ होकर हेल्पलाइन नंबर 88140-56100 व 88140-11620 पर एसएमएस या व्हाट्सएप के माध्यम से दी जा सकती है। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से आह्वान किया कि जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे इस अभियान में सामाजिक संस्थाएं, ग्राम पंचायतें, युवा क्लब व गांव में गठित कमेटियां इस अभियान में जिला पुलिस का पूरा सहयोग करें ताकि इस अभियान को सफलता के शिखर तक ले जाया जा सकें। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने आमजन से आह्वान किया कि वे अपनी गली, गांव तथा मोहल्ले की पूरी जिम्मेदारी का संकल्प लेते हुए जिला पुलिस द्वारा चलाई जा रही नशे के खिलाफ मुहिम में बढ़-चढ़कर भाग लें ताकि समाज को पूरी तरह से नशा एवं अपराधमुक्त किया जा सके।

